# छात्रावास निवासी द्वारा शपथ

मैं, ____________________________________________________________

नामांकन संख्या ____________________ के साथ,

________________________________________ कार्यक्रम में पंजीकृत,

विभाग _______________________________ में, रानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हॉस्टल / केएमसीएलयू विश्वविद्यालय, लखनऊ में एक छात्रा वासी के रूप में निम्नलिखित शपथ लेती/लेता हूँ:

1. मैं छात्रावास के सभी नियमों और उनके संशोधनों का पूर्ण रूप से पालन करूँगी ।
2. मुझे पता है कि कमरों, सामान्य क्षेत्रों और आस-पास की जगहों को स्वच्छ और साफ़-सुथरा रखना आवश्यक है। अगले शैक्षणिक सत्र में छात्रावास प्रवेश नवीनीकरण आवासीय वार्डन के सुझाव पर आधारित होगा। अनुशासनहीनता पर विश्वविद्यालय या छात्रावास प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
3. मैं समझती हूँ कि आवासीय वार्डन/छात्रावास अधिकारी किसी भी समय किसी भी कमरे की जांच/प्रवेश कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र अनुशासन और स्वच्छता बनाए रखें और कोई प्रतिबंधित वस्तु उनके पास न हो।
4. मुझे ज्ञात है कि हीटर, इलेक्ट्रिक स्टोव, इलेक्ट्रिक आयरन, इंडक्शन आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कमरों में सख्त मना है क्योंकि छात्रावास की विद्युत वायरिंग इतनी लोड के लिए नहीं बनाई गई है।

5. मैं स्वीकार करती हूँ कि छात्रावास या कमरे में निजी खाना बनाना पूरी तरह से निषेध है। यदि इलेक्ट्रिक केतली या अन्य कुकिंग उपकरण पाए जाते हैं तो उन्हें जब्त किया जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
6. मैं समझती हूँ कि शराब, नशीले पदार्थ या किसी भी प्रकार के लत युक्त वस्तु का उपयोग छात्रावास/संस्थान में सख्त वर्जित है। ऐसे किसी भी कार्य जैसे धूम्रपान, शराब या नशीले पदार्थों का सेवन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, भले ही मैं उनके प्रभाव में कहीं भी पाया जाऊँ।

7. मैं छात्रावास मेस के समय का पालन करूँगी , टेबल मैनर्स का पालन करते हुए मर्यादा बनाए रखूँगी। मैं डाइनिंग हॉल, कॉरिडोर और सभी साझा स्थानों में स्वच्छ और मर्यादित पोशाक पहनूँगी।
8. मैं स्वीकार करती हूँ कि भोजन कमरे में नहीं दिया जाएगा और मेस की थाली या बर्तन को कमरे में या मेस हॉल के बाहर ले जाना प्रतिबंधित है ।
9. परिसर से बाहर जाने के लिए मुझे पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इस दौरान मेरी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। बिना अनुमति बाहर जाने पर संस्था मेरे विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है और मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी संस्था की नहीं होगी।
10. यदि मैं अपने घर या अन्य स्थान पर अनुमति लेकर जाती/जाता हूँ, तो मेरी यात्रा के दौरान मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
11. मैं छात्रावास के सभी कर्मचारियों, वार्डन, केयरटेकर, सुरक्षाकर्मी और अन्य सहायकों के साथ सदैव सम्मान और शिष्टाचार से पेश आऊँगी ।
12. मैं बिना अनुमति अपना कमरा नहीं बदलूँगी । छात्रा वासी के रूप में, मैं हॉस्टल की संपत्ति की रक्षा

करूँगी । बिना वार्डन की अनुमति के मेज , कुरसी, अलमारी डत्यादीं नहीं हटाऊँगी।

13. मैं स्वीकार करती हूँ कि जन्मदिन जैसे कोई भी उत्सव केवल रात 8:00 बजे से 10:00 बजे तक ही मनाया जाएगा और वह भी बिना किसी को असुविधा या परेशानी पहुँचाए।
14. मैं हमेशा हॉस्टल के कॉरिडोर में शांति बनाए रखूँगी और ऐसा कोई कार्य नहीं करूँगीं ।

जिससे अन्य लोगों को असुविधा हो।

15. मैं प्रतिदिन निर्धारित समय पर अपनी छात्रावास उपस्थिति दर्ज कराऊँगी । अनुपालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
16. मैं कभी भी वॉटर कूलर या वॉश बेसिन में बर्तन नहीं धोऊँगी |

इसके लिए केवल किचन सिंक का उपयोग करूँगीं और ध्यान दूँगी कि वो जाम ना हो |

17. मैं रात 11:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक किसी भी प्रकार की डिलीवरी नहीं मँगवाऊँगी ।
18. मैं टेलीविज़न की आवाज़ हमेशा धीमी रखूँगी ताकि दूसरों को परेशानी न हो ।
19. मैं सभी कचरे को सही तरीके से कूड़ेदान में फेंकूँगी और स्वच्छता बनाए रखूँगी ।
20. मैं टॉयलेट और बाथरूम का जिम्मेदारी से उपयोग करूँगी और उसे साफ रखूँगी । गंदगी फैलाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
21. मैं रात 11:00 बजे के बाद कमरे की मुख्य लाइट बंद कर दूँगी | यदि मुझे पढ़ाई करनी हो, तो मैं केवल स्टडी लैम्प का उपयोग करूँगी  या अपने रूममेट की सहमति से लाइट जलाऊँगी ।

22. मैं स्वीकार करती हूँ कि नियमों का कोई भी उल्लंघन जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए हॉस्टल अधिकारियों को बाध्य करेगा, जिसमें तुरंत निष्कासन भी शामिल है।
23. मैं स्वीकार करती हुं कि छात्रावास प्रशासन समय-समय पर नियमों में बदलाव कर सकता है और सूचना हॉस्टल नोटिस बोर्ड पर आम सूचना के रूप में दी जाएगी।

छात्रा का हस्ताक्षर: ________________________________

छात्रा का नाम: ________________________________

संपर्क संख्या: ________________________________

---

स्वीकृति

मैं, ________________________________,

______________________________ की माता/पिता,

ऊपर दिए गए शपथ पत्र को पढ़ चुका/चुकी हूँ और समझता/समझती हूँ कि ये नियम मेरे बच्चे के हित और अनुशासन के लिए हैं। यदि वह इन नियमों का पालन नहीं करता/करती है तो उसके विरुद्ध संस्थान द्वारा उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। मैं यह सुनिश्चित करता/करती हूँ कि वह इन सभी नियमों का पालन करेगा/करेगी।

अभिभावक का हस्ताक्षर: ________________________________

अभिभावक का नाम: ________________________________

संपर्क संख्या: ________________________________